## जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा।
## आम सूचना
## विज्ञप्ति

दिनांकः–24.08.2026

**कुल 31 पारा विधिक स्वयं सेवकों (पारा लीगल वॉलेंटियर) के चयन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित है।**

(यह किसी सरकारी पद पर नियुक्ति नहीं है)

**कौन आवेदन दे सकता है**:–नवादा जिला अन्तर्गत ऐसे व्यक्ति (महिला/पुरुष/अन्य) जो बिना किसी आर्थिक लाभ के समाज के कमजोर वर्गों एवं वंचित्तों के उत्थान में रूचि रखते हैं या उनके लिए कार्य करना चाहते हैं, इनमें शिक्षक (सेवानिवृत शिक्षक सहित) सेवानिवृत सरकारी कर्मचारी, वरिष्ठ नागरिक, छात्र, शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, डॉक्टर, विधि के छात्र (जिनका अधिवक्ता के रूप में पंजीकरण नहीं है), गैर–राजनीतिक सेवा उन्मुख गैर सरकारी संगठन एवं क्लब के सदस्य, स्वयं सहायता समूह, मैत्री समूह, जीविका आदि के सदस्य एवं अन्य व्यक्ति स्वेच्छया अन्य व्यक्ति की सेवा में अभिरूचि रखते हो तथा जिन्हें यह विधिक सेवा प्राधिकार, पी.एल.भी के रूप में पहचाने जाने के लिए उपयुक्त समझे।

पारा विधिक स्वयं सेवक के कार्यः–पारा विधिक स्वयं सेवकों को अपने क्षेत्र में विधिक जागरूकता, विधिक सहायता के लिये पीड़ितों एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के बीच सेतु का कार्य करना, प्राधिकार के प्रबंध कार्यालय एवं विधिक सहायता केन्द्र में विधिक सेवा का कार्य या अन्य कोई कार्य जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा दिया जाए।

**आरक्षणः**–पी.एल.भी पदों हेतु किसी प्रकार का आरक्षण अनुमान्य नहीं है, परन्तु स्कीम के अनुरूप सभी वर्गों को पर्याप्त प्रतिनिधित्व दिया जाएगा।

**शैक्षणिक योग्यताः**–मैट्रिक पास एवं कम्प्यूटर का ज्ञान अनिवार्य।

**चयन प्रक्रिया**–पारा विधिक स्वयं सेवकों का चयन, साक्षात्कार के आधार पर किया जायेगा।

**नोटः**–पारा विधिक स्वयं सेवकों का चयन न तो किसी सरकारी पद पर नियुक्ति नहीं है और न हीं अवेदक भविष्य में इस प्रकार का दावा कर सकते हैं। पारा विधिक स्वयं सेवकों को स्वेच्छा से बिना किसी अभिलाभ के कार्य करना है। पारा विधिक स्वयं सेवकों की नियुक्ति एक वर्ष के लिए होगी। साक्षात्कार हेतु सूचना व्यवहार न्यायालय, नवादा के वेवसाईट https://nawada.dcourts.gov.in पर दिया जायेगा।

आवेदक विहित प्रपत्र में आवेदन पूरी तरह भरकर तथा अपनी शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, अन्य योग्यताओं का प्रमाण–पत्र तथा कम्प्यूटर से संबंधित प्रमाण पत्र संलग्न कर तीन रंगीन पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ जिसमें से एक आवेदन–पत्र पर तथा एक साक्षात्कार पत्र पर चिपकाया गया हो, एवं एक आवेदन–पत्र के साथ नत्थी कर पिन कोड सहित स्वपता लिखा एक लिफाफा जिस पर स्पीड पोस्ट हेतु समुचित डाक टिकट सटा हुआ हो, के साथ स्पीड पोस्ट द्वारा अथवा कार्यालय अवधि के दौरान कार्यालय में उपस्थित होकर आवेदन जमा कर सकते हैं।

**आवेदन भेजने का पताः**–सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा, पिन–805111

**मानदेयः**–मो० 750/– रूपया प्रति कार्य दिवस। (कार्य दिवस से तात्पर्य उस दिवस अथवा दिवसों से है जिस दिवस हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकार किसी पारा विधि स्वयं सेवक को कोई विशेष कार्य निष्पादन हेतु सौंपे।)

**आवेदन की अंतिम तिथिः–25.09.2026**

**साक्षात्कार की तिथिः–01.10.2026** समय 4:35 अपराह्न

**स्थानः**–जिला विधिक सेवा प्राधिकार, व्यवहार न्यायालय, नवादा।

आदेशानुसार
सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकार,
नवादा

—:आवेदन पत्र :—

पारा विधिक स्वयं सेवक के चयन हेतु
(यह किसी सरकारी पद पर नियुक्ति नहीं है)

स्वअभिप्रमाणित पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ

1. आवेदक का नाम

2. आवेदक के पिता/पति का नाम

3. स्थायी पता :

4. वर्तमान पता/पत्राचार का पता :

5. शैक्षणिक योग्यता

6. अन्य योग्यता

7.. जन्म तिथि

8. सम्पर्क नम्बर

9. आवेदक की श्रेणी (सामान्य/अनु0जाति/अनु0जनजाति/पिछड़ा वर्ग/अतिपिछड़ा वर्ग)

स्थान :
दिनांक :

आवेदक का हस्ताक्षर

प्रवेश पत्र

जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा
पारा विधिक स्वयं सेवक के चयन हेतु
साक्षात्कार पत्र
(यह किसी सरकारी पद पर नियुक्ति नहीं है)
क्रमांक.............................................
(कार्यालय उपयोग के लिए)
(आवेदक द्वारा भरा जायेगा)

स्वअभिप्रमाणित पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ

1. आवेदक का नाम:
2. आवेदक के पिता/पति का नाम:
3. जन्म तिथि:
4. स्थायी पता:

5. वर्तमान पता/पत्राचार का पता :

6. सम्पर्क नम्बर :

जिला राज्य पिनकोड

स्थान तिथि आवेदक का हस्ताक्षर

केवल कार्यालय उपयोग के लिए
साक्षात्कार की तिथि समय स्थान

सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकार,
नवादा

# <u>शपथ–पत्र</u>

मैं.......................................................................पिता........................................................................................

ग्राम / मोहल्ला.............................................पंचायत का नाम....................................................

प्रखंड.........................................................थाना.........................................................................

जिला.................................................पिन........................राज्य.........................................

घोषणा करता / करती हूँ कि मेरे विरूद्ध कोई आपराधिक मुकदमा लंबित नहीं है और मुझे किसी भी सक्षम न्यायालय द्वारा दोषसिद्ध घोषित नहीं किया गया है तथा मेरा किसी राजनीति दल से संबंध नहीं है। मैं स्वेच्छा से विधिक सेवा का कार्य करना चाहता / चाहती हूँ।

आवेदक / आवेदिका का हस्ताक्षर